Daily Current Affairs 08 March 2022

किसी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर लो आप उसमें current affairs बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं अभ्यार्थियों के लिए daily current affairs in Hindi 2022 बहुत महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध हुआ है। डेली करंट अफेयर्स एक ऐसा विषय है जो हर पल चेंज होता है कहने का मतलब है। कि उसमें हमेशा कुछ ना कुछ नया जुड़ता रहता है। तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपको हम डेली करंट अफेयर्स 2022 उपलब्ध करवाएंगे जो आपके सपने साकार करने में मदद करेगा।

1. आज दुनिया भर में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस
प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला 2022 की थीम जेंडर इक्वालिटी टुडे फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो यानी एक स्थायी कल के लिए लैंगिक समानता रखी गई है।
संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन वर्ष 1975 में किया गया था।

2. तमिलनाडु में जीन बेरी की एक नई प्रजाति की खोज की गई।
हाल ही में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों की एक टीम ने तमिलनाडु में कन्याकुमारी वन्य जीव अभ्यारण में एक नई जिन बेरी प्रजाति ग्लाइकोस्मिस एल्बीकारपा की खोज की है
यह एक एकल आबादी के रूप में पाई गई जो लगभग 2 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैली हुई है।

3. ढाका में स्टडी इन इंडिया मीट 2022 का किया गया आयोजन
4 से 5 मार्च 2022 को दो दिवसीय स्टडी इन इंडिया 2022 बैठक का आयोजन ढाका बांग्लादेश में किया गया है। भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बांग्लादेश के शिक्षा मंत्री डॉ दीपू मोनी और बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने किया है। बांग्लादेश की शिक्षा मंत्री ने कहा है कि दोनों देशों के मध्य शैक्षिक आदान-प्रदान से दोनों देशों के बीच मैत्री पूर्ण संबंध और मजबूत होंगे।
स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम
स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम 2018 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख परियोजना है।
यह दुनियाभर से छात्र बिरादरी को आने और भारत के शीर्ष संस्थानों से सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक सीखने का अनुभव करने में मदद करता है।

4. मिताली राज 6 क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी।

Daily Current Affairs 08 March 2022

5. केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीएन पटेल को टीडीसैट अध्यक्ष के रूप में किया गया नियुक्त।
केंद्र सरकार ने उच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीएन पटेल को दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। डीएन पटेल को 4 साल की अवधि के लिए टीडी सैट के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है उन्हें 7 जून 2019 को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

6. भारत और श्रीलंका के बीच दीपक से समुंदरी अभ्यास स्लाइनेक्स हुआ शुरू।
भारत श्रीलंका दिपक्षीय समुद्री अभ्यास का नवा संस्करण स्लाइनेक्स 7 मार्च से लेकर 10 मार्च 2022 तक विशाखापत्तनम मैं आयोजित किया जा रहा है।
यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा
बंदरगाह चरण 7 मार्च से 8 मार्च 2022 को विशाखापट्टनम में
समुद्री चरण 9 मार्च से 10 मार्च 2022 को बंगाल की खाड़ी में

7. MSME मंत्रालय द्वारा प्लास्टिक कचरे के मुद्दे से निपटने के लिए संभव और स्वावलंबन पहल की गई शुरू।
4 से 5 मार्च 2022 को नई दिल्ली में केंद्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने एम एस एम ई मंत्रालय द्वारा ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान पूरे देश में विशेष रुप से आकांक्षी जिलों में युवाओं के मध्य उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए दो विशेष पहल संभव और स्वावलंबन की शुरुआत की गई।

8. IIT कानपुर में पशुओं की बीमारी से बचाने के लिए विकसित किया बायोडिग्रेडेबल नैनो पार्टिकल्स
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के शोधकर्ताओं एकबायोडिग्रेडेबल नैनो पार्टिकल्स बनाया है जिसका उपयोग पशुओं को बैक्टीरिया और फंगल बीमारियों से बचाने के लिए रासायनिक आधारित कीटनाशकों के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।

9. भारत ने 2021 में रिकॉर्ड 10000 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित की।
हाल ही में मेरकॉम इंडिया रिसर्च द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 10 गीगावॉट सौर क्षमता स्थापित की जो साल 10 साल 212 परसेंट की वृद्धि है।
इस रिपोर्ट के अनुसार 2020 में भारत द्वारा 3.2 गीगावाट सौर क्षमता की स्थापना की गई।
दिसंबर 2021 के अंत में भारत की संचयी और स्थापित क्षमता लगभग 49 गीगावॉट थी।

Daily Current Affairs 08 March 2022

10. रूस ने यूक्रेन के कई क्षेत्रों में संघर्ष विराम और मानवीय गलियारे खोलने की घोषणा की है।

इस पोस्ट के माध्यम से आपको latest current affair in hindi की जानकारी दी है। जो भी आज के महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का एक ही जगह संग्रह उपलब्ध करवाया है। आप किसी भी एग्जाम की तैयारी कर लो उसमें आपको बेहद उपयोगी साबित होगा।
आपको इसकी डेली करंट अफेयर्स की पीडीएफ फाइल भी डाउनलोड कर सकते हो। तो उम्मीद है दोस्तों आज का current affairs आपको पसंद आया होगा।